भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.04.2023

आरेडिका के महाप्रबंधक ने किया जल संरक्षण बिन्दुओं का निरीक्षण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली के महाप्रबंधक श्री पीके मिश्रा ने जल संरक्षण के बिन्दुओं का निरीक्षण किया और कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए। जैसे आरेडिका परिसर में स्थिति तालाबों के आकार एवं संख्या को बढ़ाया जाए तथा जल संरक्षण उपायों को और अधिक उपयोगी बनाया जाए, जिससे जल संरक्षण के प्रति लोगों की उत्सुकता बढे।

श्री मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि, एक स्वच्छ वातावरण हम सब का मौलिक अधिकार है तो प्रकृति का संरक्षण करना हम सब का नैतिक एवं मौलिक कर्तव्य भी है, आरेडिका ने हमेशा अपनी नीतियों में इस बात को प्रमुखता दी। जिसके फलस्वरूप आरेडिका की छवि एक पर्यावरण हितैशी हरी भरी फैक्ट्री के रूप में है। हम जितना प्रकृति से लें उतना वापिस भी लौटाएँ इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आरेडिका में जल संरक्षण के लिए 19 वाटर हार्वेस्टिंग चार्जिंग पोइंट बनाए गये हैं। इनकी संख्या बढाने का सुझाव दिया।

इसी कड़ी में आगे उन्होने बताया, जल को बहुपयोगी बनाने के लिए आरेडिका में सीवेज वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट है। जिसमें उपयोग हुए जल का शोधन करके सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। बरसात के समय में जल संरक्षण के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं आगे इसके और विस्तार की योजना है। जिसके तहत और तलाबों एवं सीवेज वाटर ट्रीटमेण्ट प्लांट का निर्माण होना है। जिससे स्वच्छ नदी स्वच्छ जल की मुहिम को बढावा मिलता रहे जिससे अधिक से अधिक जल का शोधन कर इसका विभिन्न प्रकार के कार्यों में उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

ऊर्जा के लिए हम परम्परागत संसाधनों के स्थान पर स्वच्छ ऊर्जा के साधनों का उपयोग करने पर बल दे रहे हैं ताकि पृथ्वी पर उपस्थित संसाधनों का कुशलतम उपयोग हो एवं सतत विकास को गति मिले जिससे आगे आने वाली पीढियों को संसाधनों के किसी भी प्रकार के दबाव और अभाव का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

15.4.2023

(आर. एन. तिवारी)